अदेयता प्रमाण पत्र जारी करना

***16 श्रीमती शैली चौधरी (नारायणगढ़):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है की नारायणगढ़ में घरों को बेचने या खरीदने के लिए नगरपालिका द्वारा अदेयता प्रमाणपत्र जारी नहीं किया जाता है; तथा

(ख) यदि हाँ, तो अदेयता प्रमाणपत्र जारी न करने के कारण क्या हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

डॉ. कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री

(क) नहीं श्रीमान, नगरपालिका, नारायणगढ़ में चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 1 अप्रैल से 5 दिसंबर, 2023 तक कुल 926 नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी हुई हैं।

(ख) भाग (क) के उत्तर के परिपेक्ष में यह प्रश्न नहीं बनता।